उत्तर स्नातक और अनुसंधान संस्थान, पूना द्वारा संयुक्त रूप से की गई थी ।

(ख) 2000 ई० पू० से लगभग मध्यकाल तक फैली हुई सांस्कृतिक परम्परा का पता चला है । प्राप्त वस्तुओं के बारे में खुदाई करने वालों से अभी तक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है ।

(ग) ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है अथवा न ही विचाराधीन है ।

ईसाई धर्म प्रचारकों द्वारा लोगों का धर्म परिवर्तन कराना

*1788. **श्री राम गोपाल शालवाले** : क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान ईसाई धर्म-प्रचारकों द्वारा आसाम तथा अन्य पिछड़े सीमा क्षेत्रों में प्रलोभन देकर धर्म-परिवर्तन किये जाने के बढ़ते जा रहे मामलों की ओर दिलाया गया है ;

(ख) गत तीन वर्षों में इन क्षेत्रों में कितने व्यक्तियों का धर्म-परिवर्तन कराया गया है ; और

(ग) इन धर्म परिवर्तनों को रोकने के लिए सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री ((श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों में जिनमें आसाम भी शामिल है विदेशी धर्म-प्रचारकों की अपनी गतिविधियों को बढ़ाने के प्रयत्न करने की रिपोर्ट मिली है ।

(ख) एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तन का पंजीकरण कराने के लिये कोई कानून नहीं है । अत: पूछी गई सूचना उपलब्ध नहीं है ।

(ग) भाग (क) के उत्तर को ध्यान में रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या की छानबीन करने वाला केन्द्रीय जांच ब्यूरो का अधिकारी

*1789. **श्री यशपाल सिंह** : क्या गृह-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की हत्या की छानबीन करने वाले केन्द्रीय जांच ब्यूरो के अधिकारी को वापस बुला लिया गया है तथा यह काम दूसरे अधिकारी को सौंप दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्त राव चव्हाण) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

Boat Service between Kachchativu Islands and Indian Ports

*1790. SHRI GEORGE FERNANDES: Will the Minister of TRANSPORT AND SHIPPING be pleased to state :

(a) the number of boats that ferried between Kachchativu Island and the Indian ports including Tuticorin in March during St. Anthony's festival on the Kachchativu Island and the total number of passengers carried by these boats ;

(b) how many of these boats were detained for being found without proper safety devices, life-saving devices and for other reasons ; and

(c) the time for which they were detained and the circumstances under which they were subsequently allowed to proceed ?

THE MINISTER OF TRANSPORT AND SHIPPING (DR. V. K. R. V. RAO): (a) No boat ferried between Tuticorin and Kachchativu island during March. But a number of boats did sail from Rameshwaram and other points on which information is not available. It is known that about 20 launches allotted by Government for purposes of fishing were engaged in this traffic and it is estimated that approximately 2000 passengers must have been carried by these vessels.

(b) and (c). Information is being collected on this. But it appears from the information already received that these vessels sailed in utter disregard of rules and carried these visitors from 22-3-1968 morning from various places along the coast,